➢ उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत उत्तर प्रदेश की राजनीति से हुई, जहाँ वे 7 जुलाई 1986 से 7 जून 2001 तक उत्तर प्रदेश **विधान परिषद के सदस्य** रहे।
➢ इसके बाद वे राज्यसभा के सदस्य बने और तीन बार (1978, 2001, और 2006) राज्यसभा में सेवा दी।
➢ श्री कलराज मिश्र 16वीं लोकसभा (2014-2019) के दौरान लोकसभा सांसद भी रहे।
➢ उन्होंने 16 मई 2014 से 23 मई 2019 तक लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया।
➢ श्री मिश्र को राज्यपाल नियुक्त किया गया। वे पहले हिमाचल प्रदेश के 19वें राज्यपाल बने और 22 जुलाई 2019 से 8 सितंबर 2019 तक इस पद पर रहे।
➢ उन्होंने 9 सितंबर, 2019 को पदभार ग्रहण किया।

## अभ्यास प्रश्न

**1. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद उपबंध करता है कि 'प्रत्येक राज्य के लिए राज्यपाल होगा'?**
(a) अनु. 154 (b) अनु.155
(c) अनु. 153 (d) अनु.164

**2. राजस्थान की कार्यपालिका का संवैधानिक प्रमुख कौन होता है?**
(a) मुख्य सचिव (b) राष्ट्रपति
(c) मुख्यमंत्री (d) राज्यपाल

**3. संविधान के अनुच्छेद 155 के तहत राज्यपाल की नियुक्ति निम्न में से किसके द्वारा की जाती है?**
(a) भारत के राष्ट्रपति (b) भारत के प्रधानमंत्री
(c) राज्य के मुख्यमंत्री (d) केन्द्रीय मंत्रिपरिषद

**4. निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**
(a) अनुच्छेद 155 - राज्यपाल की नियुक्ति
(b) अनुच्छेद 156 – राज्यपाल नियुक्त होने के लिए अर्हताएँ
(c) अनुच्छेद 158 – राज्यपाल के पद के लिए शर्तें
(d) अनुच्छेद 159 – राज्यपाल द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान

**5. राजस्थान के राज्यपाल से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**
**(1) उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।**
**(2) उसकी आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए।**
**(3) उसमें लोकसभा का सदस्य बनने की योग्यता होनी चाहिए।**
**(4) वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।**
**कूट-:**
(a) 3 तथा 4 सही हैं। (b) 1, 2 तथा 4 सही हैं।
(c) 1, 2 तथा 3 सही हैं। (d) 2 तथा 3 सही हैं।

6. **निम्नांकित में से कौन-सी राज्यपाल के पद के लिए शर्तें हैं?**
**i. वह भारत का नागरिक है।**
**ii. वह संसद के किसी सदन का या किसी राज्य के विधानमण्डल के किसी सदन का सदस्य नहीं होगा।**
**iii. वह अन्य कोई लाभ का पद धारण नहीं करेगा।**
**iv. वह पैंतीस वर्ष की आयु पूरी कर चुका है।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए -**
(a) केवल i और iv (b) केवल ii और iii
(c) केवल i, ii और iii (d) i, ii, iii और iv

7. **राज्यपाल पद हेतु न्यूनतम आयु सीमा निर्धारित है-**
(a) 35 वर्ष (b) 25 वर्ष
(c) 18 वर्ष (d) 50 वर्ष

8. **किसी राज्य के राज्यपाल (गवर्नर) के संबंध में सही कथन का चयन करें**
**1. उनको भारत के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।**
**2. वे राष्ट्रपति की इच्छा अनुसार पद पर रहते हैं।**
**3. उनमें राज्य की कार्यकारी शक्तियाँ निहित है।**
**4. सामान्यत: वे पाँच वर्ष के लिए पद पर रहते हैं।**
(a) 1, 2, 3 (b) 1, 2, 4
(c) 2, 3, 4 (d) 1, 2

9. **संविधान के अनुच्छेदों में से किसमें यह उल्लेखित किया गया है कि, "किसी राज्य के राज्यपाल की पदावधि के दौरान उसकी गिरफ्तारी या कारावास के लिए किसी न्यायालय से कोई आदेशिका नहीं निकाली जाएगी।"?**
(a) 361-अ (b) 361(1)
(c) 361(2) (d) 361(3)

10. **राज्य के राज्यपालों की केन्द्र द्वारा नियुक्ति के प्रावधान को लिया गया है-**
(a) कनाडा (b) अमेरिका
(c) स्विट्जरलैण्ड (d) आयरलैण्ड

11. **निम्न में से कौन राजस्थान के राज्यपाल नहीं रहे हैं?**
(a) सरदार जोगेन्द्र सिंह
(b) सरदार हुकुम सिंह
(c) फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ
(d) एयर चीफ मार्शल ओ.पी. मेहरा

12. **राजस्थान के निम्नलिखित राज्यपालों में से कौन भारत के एयर चीफ मार्शल भी रह चुके हैं?**
(a) रघुकुल तिलक (b) ओ. पी. मेहरा
(c) सुखदेव प्रसाद (d) बसंत राव पाटिल

13. **राजस्थान के निम्नांकित राज्यपालों में से कौन राज्यपाल बनने के पूर्व राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे हैं?**
(a) सुखदेव प्रसाद (b) रघुकुल तिलक
(c) प्रोफेसर देवी प्रसाद चट्टोपाध्याय (d) निर्मल चंद्र जैन

14. **निम्नांकित में से किसे सबसे पहले राजस्थान के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था?**
(a) टी. वी. राजेश्वर (b) कैलाशपति मिश्र
(c) धनिकलाल मण्डल (d) स्वरूप सिंह

15. **राजस्थान के किस राज्यपाल / राज्यपालों ने अपना कार्यकाल पूर्ण होने से पूर्व ही राज्यपाल पद से त्यागपत्र दे दिया-**
**1. दरबारा सिंह, 2. मदन लाल खुराना, 3. प्रतिभा पाटिल**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) केवल 2

16. **राजस्थान के वे राज्यपाल जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ-**
**1. एस. के. सिंह** **2. श्रीमती प्रभा राव**
**3. निर्मल चंद जैन** **4. दरबारा सिंह**
(a) केवल 2 (b) 2, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) केवल 1

17. **सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| **सूची – I मुख्यमंत्री** | **सूची – II राज्यपाल** |
|---|---|
| (A) भैरोंसिंह शेखावत | (i) रघुकुल तिलक |
| (B) बरकतुल्लाह खान | (ii) सरदार जोगिन्दर सिंह |
| (C) मोहन लाल सुखाड़िया | (iii) डॉ. सम्पूर्णानंद |
| (D) वसुन्धरा राजे | (iv) मदनलाल खुराना |

(a) A-i, B-ii, C-iii, D- iv (b) A-ii, B-i, C-iii, D-iv
(c) A-i, B-ii, C-iv, D-iii (d) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

18. **किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा राजस्थान में राजप्रमुख के पद को समाप्त कर दिया गया था?**
(a) पाँचवें संविधान संशोधन अधिनियम
(b) छठे संविधान संशोधन अधिनियम
(c) सातवें संविधान संशोधन अधिनियम
(d) आठवें संविधान संशोधन अधिनियम

19. **निम्नलिखित में से कौन-सी नियुक्ति किसी राज्य के राज्यपाल द्वारा नहीं की जाती है?**
(a) राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष
(b) मुख्यमंत्री
(c) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(d) महाधिवक्ता

20. **कौन-कौन-से कार्य राज्यपाल द्वारा किए जाते है?**
**1. विधानसभा का सत्रावसान करना**
**2. विधानसभा भंग करना**
**3. विधानसभा की बैठक स्थगित करना**
**4. विधानसभा का अधिवेशन आहूत करना**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 4

21. **राज्यपाल द्वारा जारी अध्यादेश को राज्य विधान मण्डल का सत्र प्रारम्भ होने के कितने समय तक विधानमण्डल में रखा जाना अनिवार्य है अन्यथा वह निष्प्रभावी हो जायेगा?**
(a) 6 सप्ताह (b) एक महीना
(c) 4 सप्ताह (d) 2 महीने

22. **अनुच्छेद 356 के तहत राज्य में आपातकाल लागू होने पर राज्य का शासन किसके नियंत्रण में होता है?**
(a) मंत्री परिषद् (b) मुख्य सचिव
(c) राज्यपाल (d) मुख्यमंत्री

23. **निम्न में से कौन-सा (अनुच्छेद-प्रावधान) युग्म गलत है?**
(a) अनुच्छेद 161 - राज्यपाल की क्षमादान की शक्ति
(b) अनुच्छेद 167 - मुख्यमंत्री के कर्तव्य
(c) अनुच्छेद 213 - राज्यपाल की शक्ति अध्यादेश प्रख्यापित करने की
(d) अनुच्छेद 165 - राज्यपाल का विशेष अभिभाषण

24. **राज्यपाल की उपलब्धियाँ और भत्ते भारित होते हैं-**
(a) भारत की संचित निधि पर (b) राज्य की आकस्मिक निधि पर
(c) भारत की आकस्मिक निधिर पर (d) राज्य की संचित निधि पर

**25. किस अनुच्छेद के तहत राज्यपाल द्वारा आरक्षित रखे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति निर्णय लेता है?**
(a) अनु. 200 (b) अनु. 201
(c) अनु. 203 (d) अनु. 202

**26. कौन-सा विकल्प सही हैं?**
**1. राज्यपाल यह घोषित करेगा कि वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखता है। (अनुच्छेद 200)**
**2. राष्ट्रपति, राज्यपाल को यह निर्देश दे सकेगा कि वह विधेयक को सदन को लौटा दे। (अनुच्छेद-201)**
(a) कथन 1 सही है। (b) कथन 2 सही है।
(c) 1 एवं 2 दोनों सही हैं। (d) 1, 2 दोनों गलत हैं।

**27. राजस्थान के राज्यपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**A. वह राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं।**
**B. वह राज्य के किसी भी लाभ के पद को धारण कर सकते हैं।**
**C. वह इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, राजस्थान राज्य शाखा के अध्यक्ष हैं ।**
**D. उन्हें संविधान के अन्तर्गत कोई स्व-विवेकीय शक्ति प्राप्त नहीं है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**
(a) A, B, C और D (b) B, C और D
(c) केवल C (d) B और C दोनों

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा पद राजस्थान के राज्यपाल द्वारा सुशोभित नहीं होता है?**
(a) राजस्थान राज्य के संवैधानिक प्रमुख
(b) राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति
(c) अध्यक्ष, रेडक्रॉस सोसाइटी, राजस्थान
(d) अध्यक्ष, अरावली प्रबंधन बोर्ड

**29. राजस्थान में पूर्व सैन्यकर्मियों के हितलाभों के लिए समेकित निधि की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कौन है?**
(a) राजस्थान के राज्यपाल (b) राजस्थान के मुख्यमंत्री
(c) राजस्थान के गृह मंत्री (d) राजस्थान के गृह सचिव

**30. किसी अप्रत्याशित व्यय को पूरा करने के लिए राज्य की आकस्मिक निधि से कौन अग्रिम राशि दे सकता है?**
(a) मुख्यमंत्री (b) गृह मंत्री
(c) राज्यपाल (d) वित्त मंत्री

**31. राज्यपाल की अनुपस्थिति में उनके दायित्यों का निर्वाहन कौन करता है?**
(a) विधानसभा अध्यक्ष
(b) मुख्य सचिव
(c) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(d) मुख्यमंत्री

**32. श्री कलराज मिश्र, राजस्थान ______ वे राज्यपाल हैं।**
(a) 41 (b) 44
(c) 39 (d) 40

**33. राज्यपाल के विशेष अभिभाषण का प्रावधान भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?**
(a) अनुच्छेद 176 (b) अनुच्छेद 166
(c) अनुच्छेद 174 (d) अनुच्छेद 175

**34. विवेकाधीन शक्तियों का प्रयोग करते समय राज्यपाल किसके प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करता है?**
(a) राजय विधानमंडल (b) संघीय सरकार
(c) राज्य की जनता (d) मंत्रिपरिषद्

**35. राजस्थान में कितनी बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया?**
(a) 4 (b) 5
(c) 2 (d) 3

**36. जब राजस्थान में पहली बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया, यहाँ राज्यपाल कौन थे?**
(a) सरदार जोगेन्द्र सिंह (b) श्री संपूर्णानंद
(c) सरदार गुरमुख निहाल सिंह (d) सरदार हुकुम सिंह

**37. निम्न में से कौन-सा कथन राजस्थान के राज्यपाल के संबंध में असत्य है?**
(a) राज्यपाल की स्वविवेकीय शक्तियों से लिये गये निर्णयों को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
(b) राज्यपाल को मृत्युदंड के दण्डादेश के विरुद्ध क्षमादान की शक्ति प्राप्त नहीं है।
(c) राज्यपाल को प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिये राज्यपाल सचिवालय कार्यरत है।
(d) राज्यपाल सचिवालय का प्रमुख राज्यपाल का सचिव होता है जो कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होता है।

**38. भारत के संविधान के निम्नलिखित किस अनुच्छेद में राज्यपाल की शपथ का प्रारूप दिया गया है?**
(a) अनुच्छेद 158 (b) अनुच्छेद 159
(c) अनुच्छेद 154 (d) अनुच्छेद 155

**39. क्या राज्यपाल राज्य के विधानमंडल के सत्र में रहने के दौरान अध्यादेश जारी कर सकता है?**
(a) नहीं (b) राष्ट्रपति की पूर्वानुमति से
(c) मंत्रिपरिषद् की सलाह से (d) हाँ

**40. राज्य के राज्यपाल को कौन हटा सकता है? (निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)**
(a) मुख्यमंत्री (b) राष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री (d) भारत के मुख्य न्यायाधीश

| ANSWER KEY | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. [c] | 2. [d] | 3. [a] | 4. [b] | 5. [b] | 6. [b] | 7. [a] | 8. [c] | 9. [d] | 10. [a] |
| 11. [c] | 12. [b] | 13. [b] | 14. [d] | 15. [b] | 16. [c] | 17. [a] | 18. [c] | 19. [c] | 20. [d] |
| 21. [a] | 22. [c] | 23. [d] | 24. [d] | 25. [b] | 26. [c] | 27. [c] | 28. [d] | 29. [a] | 30. [c] |
| 31. [c] | 32. [b] | 33. [a] | 34. [b] | 35. [a] | 36. [b] | 37. [d] | 38. [b] | 39. [a] | 40. [b] |

♦♦♦♦

# भारतीय इतिहास

# सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आंदोलन

## विगत वर्षो के प्रश्न

**निम्नलिखित समाज सुधारक में से कौन सती प्रथा उन्मूलन के साथ जुड़े हुए थे?**

**CET Grad. 27th Sep. 2024 (Shift-2)**

(a) गोविंद रानाडे
(b) विवेकानंद
(c) दयानंद सरस्वती
(d) राजा राम मोहन राय **[d]**

**व्याख्या:-**
➢ राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा के उन्मूलन के लिए सबसे अधिक संघर्ष किया था। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप लॉर्ड विलियम बैंटिक ने 1829 में सती प्रथा पर प्रतिबंध लगाया। राजा राम मोहन राय को भारतीय पुनर्जागरण का जनक, सामाजिक सुधारक और भारतीय नवजागरण का अग्रदूत माना जाता हैं।

**दलित वर्ग संगठन, किसने स्थापित किया?**

**CET Grad. 27th Sep. 2024 (Shift-2)**

(a) मुहम्मद अली जिन्ना
(b) महात्मा गाँधी
(c) डॉ. भीमराव अम्बेडकर
(d) जवाहरलाल नेहरू **[c]**

**व्याख्या:-**
➢ 1930 के दशक में दलित वर्ग संगठन(डिप्रेस्ड क्लासेस एसोसिएशन) डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्थापित किया। इसका उद्देश्य दलित समुदाय को सामाजिक भेदभाव के खिलाफ एकजुट करना और उनके अधिकारों की वकालत करना था।

**भारतीय पुनर्जागरण का जनक किसे कहा गया है?**

**CET Grad. 28th Sep. 2024 (Shift-2)**

(a) रवींद्र नाथ टैगोर
(b) राजा राम मोहन राय
(c) केशब चंद्र सेन
(d) देबेन्द्र नाथ टैगोर **[b]**

**व्याख्या:-**
➢ राजा राम मोहन राय को "भारतीय पुनर्जागरण का जनक" कहा जाता है क्योंकि उन्होंने सामाजिक सुधार, स्त्री शिक्षा, सती प्रथा का उन्मूलन, ब्रह्म समाज की स्थापना, आधुनिक शिक्षा के प्रचार जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए।

**भारत के किस गवर्नर जनरल के कार्यकाल के दौरान, हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम पारित किया गया था?**

**CET Grad. 7th Jan. 2023 (Shift-1)**

(a) लॉर्ड मेयो (b) लॉर्ड एलनबरो
(c) लॉर्ड कैनिंग (d) लॉर्ड एमहर्स्ट **[c]**

**व्याख्या:-**
➢ हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम सन् 1856 में पारित हुआ, जब भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी थे। इस अधिनियम के लिए समाज सुधारक ईश्वरचंद्र विद्यासागर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण था।

**नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I): सन् 1893 में शिकागो में एक धार्मिक संसद का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद्र ने अपने विद्वता पूर्ण व्याख्यानों से उपस्थित लोगों के ऊपर गहरा प्रभाव डाला। उनके उद्घाटन भाषण के मुख्य बिंदु थे कि अध्यात्मवाद और भौतिकवाद के बीच एक स्वस्थ संतुलन की आवश्यकता है।**
**कथन (II): 1897 में उन्होंने राम कृष्ण मिशन की स्थापना की। मिशन धार्मिक और सामाजिक सुधार की बात करता है। वह एक महान मानवतावादी थे और उन्होंने रामकृष्ण मिशन, का उपयोग मानवीय आधार पर राहत और सामाजिक कार्यों के लिए किया।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**

**CET Grad. 28th Sep. 2024 (Shift-1)**

(a) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(b) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(c) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(d) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है। **[b]**

**व्याख्या:-**
➢ सन् 1893 में शिकागो में एक धार्मिक संसद का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद्र ने अपने विद्वता पूर्ण व्याख्यानों से उपस्थित लोगों के ऊपर गहरा प्रभाव डाला। उनके उद्घाटन भाषण के मुख्य बिंदु थे कि अध्यात्मवाद और भौतिकवाद के बीच एक स्वस्थ संतुलन की आवश्यकता है। 1897 में उन्होंने राम कृष्ण मिशन की स्थापना की। मिशन धार्मिक और सामाजिक सुधार की बात करता है। वह एक महान मानवतावादी थे और उन्होंने रामकृष्ण मिशन, का उपयोग मानवीय आधार पर राहत और सामाजिक कार्यों के लिए किया।

**नीचे दो कथन दिए गए हैं :**
**कथन (I): 19वीं शताब्दी के अंतिम वर्षों से अजमेर राजनीतिक जागरूकता और सामाजिक-आर्थिक कार्यकलाप का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया था।**
**कथन (II): सन् 1888, में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इलाहाबाद सत्र में अजमेर-मारवाड़ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें।**

**CET Grad. 28th Sep. 2024 (Shift-2)**

(a) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।
(b) कथन (I) सही है, लेकिन कथन (II) गलत है।
(c) कथन (I) गलत है, लेकिन कथन (II) सही है।
(d) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं। **[d]**

**व्याख्या:-**
➢ 19वीं शताब्दी के अंतिम वर्षों से अजमेर राजनीतिक जागरूकता और सामाजिक-आर्थिक कार्यकलाप का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया था। सन् 1888, में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इलाहाबाद सत्र में अजमेर-मारवाड़ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

◪ **'ताड़ी विरोधी आंदोलन', आंध्र प्रदेश में _______ के विरुद्ध आन्दोलन था।**
**(निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
**CET Grad. 28th Sep. 2024 (Shift-2)**
(a) शराबीपन (b) कृषि
(c) उद्योग (d) किसानों की दयनीय दशा **[a]**

**व्याख्या:-**
➢ आंध्र प्रदेश में यह आंदोलन शराब (ताड़ी) के सेवन और शराबीपन के विरुद्ध चलाया गया था।
➢ इसकी सबसे प्रसिद्ध लहर 1990 के दशक में आंध्र प्रदेश की महिलाओं ने चलायी थी।

◪ **'गदर' जर्नल का पहला अंक किस भाषा में प्रकाशित हुआ था?**
**CET Grad. 7th Jan. 2023 (Shift-2)**
(a) गुजराती (b) मराठी
(c) पंजाबी (d) उर्दू **[d]**

**व्याख्या:-**
➢ 'गदर' जर्नल का पहला अंक उर्दू भाषा में प्रकाशित हुआ था। इसका प्रकाशन 1913 को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में हुआ था। इसे गदर पार्टी द्वारा निकाला गया, जिसका उद्देश्य विदेश में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध क्रांति का प्रचार करना था। इस जर्नल के संपादक सोहन सिंह भकना और प्रमुख सहयोगी लाला हरदयाल थे। बाद में 'गदर' का प्रकाशन अन्य भाषाओं में भी होने लगा।

◪ **'फतुहात-ए-आलमगीरी' के लेखक कौन हैं?**
**CET Grad. 7th Jan. 2023 (Shift-2)**
(a) ईश्वरदास नागर
(b) फिरोज शाह तुगलक
(c) औरंगज़ेब
(d) दारा शिकोह **[a]**

**व्याख्या:-**
➢ 'फ़तुहात-ए-आलमगीरी'(फारसी भाषा में) के लेखक ईश्वरदास नागर हैं। यह पुस्तक मुग़ल बादशाह औरंगज़ेब के शासनकाल के इतिहास का विस्तृत विवरण है। ईश्वरदास नागर लंबे समय तक एक मुग़ल अधिकारी के रूप में कार्यरत थे।

◪ **मॉर्ले - मिंटो सुधारों का उद्देश्य था –**
**(1) शिक्षा को बढ़ावा**
**(2) प्रांतीय विधानसभा में दलितों के लिए आरक्षित सीटें**
**(3) मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचक मंडल**
**(4) केन्द्रीय विधान परिषद में सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी**
**नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –**
**CET Grad. 8th Jan. 2023 (Shift-1)**
(a) 1, 2 एवं 3 (b) 1, 2, 3 व 4
(c) केवल 3 (d) केवल 2 **[c]**

**व्याख्या:-**
➢ मॉर्ले - मिंटो सुधारों का मुख्य उद्देश्य मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचक मंडल था। मॉर्ले-मिंटो सुधार, भारतीय परिषद अधिनियम 1909 का लोकप्रिय नाम है। उस समय भारत सचिव जॉन मॉर्ले और भारत के वायसराय लॉर्ड मिंटो थे। इस अधिनियम के अन्य प्रावधान केंद्रीय और प्रांतीय विधान परिषदों दोनों के सदस्यों की संख्या में वृद्धि करना, भारतीयों को वायसराय और गवर्नरों की कार्यकारी परिषदों में नियुक्त करना आदि।

◪ **आर. जी. भण्डारकर और आत्माराम पाण्डुरंग निम्नलिखित में से किस संस्था से संबद्ध थे?**
**CET Grad. 8th Jan. 2023 (Shift-2)**
(a) प्रार्थना सभा (b) आत्मीय सभा
(c) होमरूल लीग (d) रामकृष्ण मिशन **[a]**

**व्याख्या:-**
➢ आर. जी. भण्डारकर और आत्माराम पाण्डुरंग प्रार्थना सभा(प्राथना समाज) से सम्बंधित थे। प्रार्थना सभा की स्थापना 1867 ई. में हुई थी। इसका उद्देश्य हिंदू धर्म की सामाजिक और धार्मिक कुरीतियों को दूर करना, मूर्ति पूजा, जाति भेद, बाल विवाह, पर्दा प्रथा जैसी बुराइयों का विरोध करना, विधवा विवाह, स्त्री शिक्षा और सामाजिक समानता का समर्थन करना, एक सरल, नैतिक और ईश्वर-केन्द्रित धर्म की स्थापना करना आदि।

## अभ्यास प्रश्न

**1. आधुनिक भारत के प्रथम समाज सुधारक थे-**
(a) स्वामी दयानन्द सरस्वती (b) राजा राममोहन राय
(c) आचार्य केशव चन्द्र सेन (d) डॉ. आत्माराम पाण्डुरग

**2. 'तुहफात-उल-मुवाहिदीन' नामक पुस्तक की रचना किसने की थी?**
(a) मिर्जा गुलाम अहमद (b) डॉ. आत्माराम पाण्डुरंग
(c) राजा राममोहन राय (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3. सूची-I को सूची-II से सुमेलित किजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. आदि ब्रह्म समाज | i.ज्योतिबा फुले |
| B. भारतीय ब्रह्म समाज | ii. देवेन्द्रनाथ टैगोर |
| C. थियोसोफिकल सोसायटी | iii. कर्नल ऑल्काट |
| D. सत्य शोधक समाज | iv. केशवचंद्र सेन |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | ii | iv | iii | i |
| (b) | iv | i | iii | ii |
| (c) | iii | iv | ii | i |
| (d) | i | ii | iii | iv |

**4. सती प्रथा को प्रतिबंधित कब किया गया था?**
(a) वर्ष 1828 में (b) वर्ष 1829 में
(c) वर्ष 1856 में (d) वर्ष 1872 में

**5. आर्य समाज की स्थापना स्वामी दयानंद सरस्वती ने की थी-**
(a) लाहौर में (b) बंबई में
(c) अजमेर में (d) कलकत्ता में

**6. नरबलि की प्रथा को समाप्त करने का श्रेय किसे दिया गया है?**
(a) लॉर्ड कर्जन (b) लॉर्ड कैनिंग
(c) लॉर्ड हॉर्डिंग (d) कैंपबेल

**7. 'वेदों की ओर चलो' का नारा किसने दिया था?**
(a) विवेकानंद (b) राजा राममोहन राय
(c) रामकृष्ण परमहंस (d) दयानंद सरस्वती

**8. रामकृष्ण मिशन का संस्थापक कौन था?**
(a) स्वामी दयानंद सरस्वती
(b) राम कृष्ण परमहंस
(c) स्वामी विवेकानंद
(d) ऐनी बेसेंट

**9. 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की?**
(a) राजा राममोहन राय
(b) भीमराव अम्बेडकर
(c) ज्योतिबा फुले
(d) महात्मा गांधी

**10. किस समाज सुधारक ने विधवा पुनर्विवाह के प्रति प्रमुख योगदान दिया?**
(a) ईश्वर चंद्र विद्यासागर
(b) स्वामी विवेकानंद
(c) राजा राममोहन राय
(d) स्वामी दयानंद

**11. महाराष्ट्र का कौन-सा समाज सुधारक 'लोकहितवादी' के उपनाम से प्रसिद्ध था?**
(a) गोपाल हरि देशमुख
(b) आत्माराम पांडुरंग
(c) कृष्ण शास्त्री चपलूनकर
(d) बाल गंगाधर तिलक

**12. थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना हुई-**
(a) वर्ष 1875 में
(b) वर्ष 1882 में
(c) वर्ष 1893 में
(d) वर्ष 1907 में

**13. रहनुमा-ए-माज्दा-ए-सभा की स्थापना कब की गयी थी?**
(a) वर्ष 1850 में
(b) वर्ष 1851 में
(c) वर्ष 1855 में
(d) वर्ष 1857 में

**14. स्वामी दयानन्द सरस्वती की मृत्यु कब हुई थी?**
(a) सन् 1874 में
(b) सन् 1875 में
(c) सन् 1877 में
(d) सन् 1883 में

**15. बनारस में सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल' की स्थापना किसने की थी?**
(a) मदन मोहन मालवीय
(b) देवेन्द्रनाथ टैगोर
(c) ज्योतिबा फुले
(d) एनी बेसेन्ट

**16. सामाजिक कानूनों को उसे पारित किए गए वर्षों के साथ मिलान कीजिए?**

| सूची –I | सूची-II |
|---|---|
| A. सती प्रथा का उन्मूलन | (i) 1843 |
| B. विधवा पुनर्विवाह | (ii) 1804 |
| C. कन्या भ्रूणहत्या निषेध | (iii) 1829-30 |
| D. दास प्रथा का उन्मूलन | (iv) 1856 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (c) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (d) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-1 | सूची-II |
|---|---|
| A. आदि ब्रह्म समाज | 1. ज्योतिबा फुले |
| B. भारतीय ब्रह्म समाज | 2. देवेंद्रनाथ टैगोर |
| C. थियोसोफिकल सोसाइटी | 3. कर्नल ऑल्काट |
| D. सत्य शोधक समाज | 4. केशवचंद्र सेन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म (सामाजिक धार्मिक आंदोलन - गतिविधि स्थल) सही ढंग से मेल नहीं खाता है?**
(a) रहनुमाई मजदायसन सभा - बॉम्बे
(b) स्वामी नारायण आंदोलन - गुजरात
(c) हिंदू मिशनरी सोसाइटी - संयुक्त प्रांत
(d) मोहम्मडन साहित्यिक समाज – कलकत्ता

**19. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| A. | साधारण ब्रह्म समाज | i. | राजा राम मोहनराय |
| B. | भारतीय ब्रह्म समाज | ii. | आनंद मोहन बोस |
| C. | आत्मीय सभा | iii. | स्वामी विवेकानंद |
| D. | रामकृष्ण मिशन | iv. | केशवचन्द्र सेन |

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | i | iii | iv | ii |
| (b) | iv | ii | i | iii |
| (c) | ii | i | iv | iii |
| (d) | ii | iv | i | iii |

**20. निम्न में से कौन सा कथन 'राजा राम मोहन रॉय' के विषय में सत्य नहीं है?**
(a) उन्होंने 'द प्रीसेप्ट्स ऑफ जीसस, द. गाइड टू पीस एंड हैप्पीनेस' शीर्षक से एक पुस्तक प्रकाशित की।
(b) उन्होंने 'इंडियन रिफार्म एसोसिएशन' की स्थापना की।
(c) उन्होंने 'आत्मीय सभा' की स्थापना की।
(d) उन्होंने फारसी में 'तुहफत-उल-मुवाहिदीन' नाम से एक पुस्तक प्रकाशित की।

**ANSWER KEY**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. [b] | 2. [c] | 3. [a] | 4. [b] | 5. [b] | 6. [c] | 7. [d] | 8. [c] | 9. [c] | 10. [a] |
| 11. [a] | 12. [a] | 13. [b] | 14. [d] | 15. [d] | 16. [c] | 17. [b] | 18. [c] | 19. [d] | 20. [b] |

♦♦♦♦

# भारत का भूगोल

# स्थिति एवं विस्तार

## विगत वर्ष के प्रश्न

◪ 'पाक स्ट्रेट' अवस्थित है–

**CET Grad. 7th Jan. 2023 (Shift-1)**

(a) भारत और श्रीलंका के मध्य
(b) भारत और मालदीव के मध्य
(c) भारत और म्यानमार के मध्य
(d) भारत और इण्डोनेशिया के मध्य **[a]**

**व्याख्या:-**
➢ 'पाक स्ट्रेट' भारत के तमिलनाडु तट और श्रीलंका के बीच स्थित जलडमरूमध्य है, जो पाक खाड़ी को मन्नार की खाड़ी से जोड़ता है।

◪ **यदि भारतीय मानक समय – (IST) को निर्धारित करने वाली देशान्तर रेखा का प्रधान देशांतर रेखा का दर्जा दिया जाए, तो अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा का देशान्तर क्या होगा?**

**CET Grad. 7th Jan. 2023 (Shift-1)**

(a) 180° पूर्व (b) 97° 30' पूर्व
(c) 97°30'पश्चिम (d) 82°30'पूर्व **[b]**

**व्याख्या:-**
➢ भारतीय मानक समय (IST) को निर्धारित करने वाली देशांतर रेखा 82½° पूर्व देशांतर है।
➢ यदि इस 82½°E(82°30'पूर्व) रेखा को प्रधान देशांतर मान लिया जाए, तो अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा होगी- 180°+82½°=262½° क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा हमेशा प्रधान देशांतर से 180° के अंतर पर होती है।
➢ अब 262½° को पश्चिम देशांतर में बदलने के लिए, 360° - 262½° = 97½° पश्चिम (97°30'W)

◪ **भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा रामसेतु का प्रारंभिक बिंदु है?**

**CET Grad. 27th Sep. 2024 (Shift-1)**

(a) अरिचल मुनई (b) शिवगंगा
(c) तंजावुर (d) मदुरई **[a]**

**व्याख्या:-**
➢ भारत में अरिचल मुनई रामसेतु का प्रारंभिक बिंदु है। जो भारत के तमिलनाडु में धनुषकोडी के पास स्थित है।

## अभ्यास प्रश्न

**1. भारत अवस्थित (Located) है-**
(a) अक्षांश 8°4' उ. से 37°6' द. तथा देशांतर 68°7' पू. से 97°25' प. के मध्य
(b) अक्षांश 8°4' द. से 37°6' उ. तथा देशांतर 68°7' प. से 97°25' पू. के मध्य
(c) अक्षांश 8°4' उ. से 37°6' उ. तथा देशांतर 68°07' पू. से 97°25' पू. के मध्य
(d) अक्षांश 8°4' द. से 37°6' द. तथा देशांतर 68°7' प. से 97°25' प. के मध्य

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म असत्य है?**
(a) भारत का अक्षांशीय विस्तार – 8°4' उ.से 37°6'उ.
(b) भारत का कुल क्षेत्रफल – 32.8 लाख वर्ग किलोमीटर
(c) भारत का रेखांशीय विस्तार – 68°7' पू.-97°25' पू.
(d) भारत में राज्यों की संख्या – 26

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षांश भारत को लगभग दो बराबर भागों में विभाजित करता है?**
(a) 33° 30' उत्तर (b) 23°30' दक्षिण
(c) 0° भूमध्य रेखा (d) 23°30'उत्तर

**4. निम्नलिखित देशांतरों में कौन-सी भारत की "प्रामाणिक मध्याह्न रेखा' कहलाती है?**
(a) 85°30' पूर्वी (b) 87°30 पूर्वी
(c) 84°50' पूर्वी (d) 82°30° पूर्वी

**5. निम्नलिखित द्वीपों के युग्मों में से कौन-सा एक 'दस डिग्री चैनल' द्वारा आपस में पृथक् किया जाता है?**
(a) निकोबार एवं सुमात्रा (b) अंडमान एवं निकोबार
(c) मालदीव एवं लक्षद्वीप (d) सुमात्रा एवं जावा

**6. 82°30' पूर्वी देशान्तर और कर्क-रेखा का मिलन बिन्दु है -**
(a) महाराष्ट्र में (b) आन्ध्र प्रदेश में
(c) उत्तर प्रदेश में (d) छत्तीसगढ़ में

**7. 9° चैनल अवस्थित है-**
(a) अमीनदीवी तथा कवरती के बीच
(b) कवरती तथा मिनीकॉय के बीच
(c) कार निकोबार तथा ग्रेट निकोबार के बीच
(d) अंडमान तथा निकोबार द्वीपों के बीच

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा चैनल मालदीव के साथ भारत की समुद्री सीमा बनाता है?**
(a) कोको चैनल (b) ग्रेट चैनल
(c) आठ डिग्री चैनल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9. भारत का सुदूरस्थ दक्षिणी बिन्दु है –**
(a) रामेश्वरम् (b) कन्याकुमारी
(c) इन्दिरा पॉइंट (d) पॉइंट कालीमेर

**10. भारत का सुदूर पश्चिम का बिन्दु है –**
(a) 68°7' पश्चिम, राजस्थान में (b) 68°7' पश्चिम, गुजरात में
(c) 68°7' पूर्व, गुजरात में (d) 68°7' पूर्व, राजस्थान में

**11. सिक्किम से गुजरने वाला अक्षांश निम्नलिखित में से किस ओर से गुजरता है?**
(a) पंजाब (b) राजस्थान
(c) हिमाचल प्रदेश (d) जम्मू-कश्मीर

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान 'भारत का ग्रीनविच' कहलाता है?**
(a) अवंती (b) रोहतक
(c) उज्जैन (d) कुरुक्षेत्र

**13. निम्नलिखित में से वह राज्य कौन-सा है जिसकी सीमा अरुणाचल प्रदेश से नहीं लगती है?**
(a) असम (b) मणिपुर
(c) नागालैंड (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14. छत्तीसगढ़ की सीमा उभयनिष्ठ नहीं है-**
(a) बिहार के साथ (b) महाराष्ट्र के साथ
(c) ओडिशा के साथ (d) आंध्र प्रदेश के साथ

**15. निम्नलिखित राज्यों में से कौन-से उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती है?**
**1. पंजाब 2. राजस्थान**
**3. छत्तीसगढ़ 4. झारखण्ड**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए –**
(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 1 और 4 (d) 1 और 3

**16. भारत के निम्नलिखित राज्यों को उनके भौगोलिक क्षेत्र के घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए**
**1. राजस्थान 2. तमिलनाडु**
**3. महाराष्ट्र 4. कर्नाटक**
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 3, 1, 4, 2
(c) 1, 3, 4, 2 (d) 3, 4, 1, 2

**17. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से भारत के बारे में सही हैं?**
**1. भारत विश्व का पाँचवाँ बड़ा देश है।**
**2. यह स्थलमण्डल के कुल क्षेत्रफल का लगभग 2.4 प्रतिशत भाग अधिकृत किए हुए हैं।**
**3. समूचा भारत उष्ण कटिबंध में स्थित है।**
**4. 82°30' पूर्वी देशान्तर का उपयोग भारतीय मानक समय को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।**
**कूट:** (a) केवल 2 व 3 (b) केवल 1 व 2
(c) केवल 1 व 3 (d) केवल 2 व 4

**18. भारत का क्षेत्रफल संसार के क्षेत्रफल का 2.42% है, परन्तु इसकी -**
(a) सम्पूर्ण मानव जाति की 17% जनसंख्या है।
(b) सम्पूर्ण मानव जाति की 16% जनसंख्या है।
(c) सम्पूर्ण मानव जाति की 18% जनसंख्या है।
(d) सम्पूर्ण मानव जाति की 28% जनसंख्या है।

**19. असम कुल मिलाकर कितने राज्यों एवं केन्द्रशासित क्षेत्रों से घिरा हुआ है?**
(a) 7 (b) 6
(c) 8 (d) 9

**20. भारत के राज्यों का निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सबसे पूर्वी और सबसे पश्चिमी राज्य को इंगित करता है?**
(a) असम और राजस्थान
(b) अरुणाचल प्रदेश और राजस्थान
(c) असम और गुजरात
(d) अरुणाचल प्रदेश और गुजरात

**21. म्यांमार की सीमा के सहारे भारत के राज्यों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम क्या है?**
(a) अरुणाचल प्रदेश, असम, नागालैण्ड, मणिपुर
(b) अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम
(c) असम, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम
(d) अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, नागालैण्ड, मिजोरम

**22. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसके तीन तरफ अन्तर्राष्ट्रीय सीमाएँ हैं?**
(a) नागालैंड (b) असम
(c) त्रिपुरा (d) पश्चिम बंगाल

**23. बांग्लादेश की सीमा से लगे भारत के राज्य हैं-**
(a) नागालैंड, असम, सिक्किम, पश्चिम बंगाल
(b) पश्चिम बंगाल, नागालैण्ड, असम, मेघालय
(c) मेघालय, असम, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा
(d) नागालैंड, असम, पश्चिम बंगाल, मणिपुर

**24. निम्नलिखित में से किस राज्य की सीमा बांग्लादेश से नहीं मिलती है?**
(a) त्रिपुरा (b) मेघालय
(c) मणिपुर (a) मिजोरम

**25. भारत की स्थलीय सीमा की कुल लम्बाई है-**
(a) 15106.7 किमी. (b) 7517 किमी.
(c) 6100 किमी. (d) 22623.7 किमी.

**26. निम्नलिखित में से कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है-**
(a) राजस्थान (b) झारखण्ड
(c) मणिपुर (d) त्रिपुरा

**27. निम्नलिखित राज्यों में से किसकी तटरेखा की लम्बाई सर्वाधिक है?**
(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) केरल (d) तमिलनाडु

**28. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म को छाँटिए-**
(a) भारत का उत्तरी बिंदु – इंदिरा कॉल
(b) भारत का दक्षिणी बिंदु – कन्याकुमारी
(c) भारत का पूर्वी बिंदु - किबिथु
(d) भारत का पश्चिमी बिंदु – गुहार मोती

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य उत्तरी-पूर्वी राज्य की 'सात बहनों का भाग नहीं है ?**
(a) पश्चिम बंगाल (b) मेघालय
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) त्रिपुरा

**30. निम्नलिखित में से भारत का वह कौन-सा राज्य है, जो बांग्लादेश से तीनों ओर से घिरा हुआ है?**
(a) मिजोरम (b) त्रिपुरा
(c) पश्चिम बंगाल (d) मेघालय

**31. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के तीन सबसे बड़े केन्द्रशासित प्रदेशों का अवरोही क्रम निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**
(a) लद्दाख, जम्मू कश्मीर, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
(b) जम्मू कश्मीर, लद्दाख, पुडुचेरी
(c) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, दिल्ली, चंडीगढ़
(d) लद्दाख, पुडुचेरी, जम्मू कश्मीर

**32. डूरण्ड लाइन दो देशों के बीच की सीमा रेखा है**
(a) भारत और पाकिस्तान
(b) पाकिस्तान और अफगानिस्तान
(c) भारत और चीन
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका और मेक्सिको

**33. तवांग क्षेत्र स्थित है-**
(a) सिक्किम में (b) उत्तराखण्ड में
(c) अरूणाचल प्रदेश में (d) असम में

**34. मैकमोहन रेखा निम्नलिखित में से किन दो देशों को अलग करती है?**
(a) भारत-म्यांमार (b) भारत-पाकिस्तान
(c) भारत-अफगानिस्तान (d) भारत-चीन

**35. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) भारत की सबसे लंबी स्थलीय सीमा बांग्लादेश के साथ है।
(b) बांग्लादेश की सीमा मेघालय व असम से लगती है।
(c) नेपाल की सीमा असम व सिक्किम से लगती है।
(d) भूटान की सीमा असम व पश्चिम बंगाल से लगती है।

**36. निम्नलिखित में से असत्य कथन की पहचान कीजिए-**
(a) भारत की उत्तर से दक्षिण तक लंबाई 3214 किमी. है।
(b) भारत की पूर्व से पश्चिम तक चौड़ाई 2933 किमी. है।
(c) भारत उत्तर-पश्चिम गोलार्द्ध में स्थित है।
(d) भारत की तटरेखा की लंबाई 7516.6 किलोमीटर है।

**ANSWER KEY**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. [c] | 2. [d] | 3. [d] | 4. [d] | 5. [b] | 6. [d] | 7. [b] | 8. [c] | 9. [c] | 10. [c] |
| 11. [b] | 12. [c] | 13. [b] | 14. [a] | 15. [a] | 16. [c] | 17. [d] | 18. [a] | 19. [a] | 20. [d] |
| 21. [b] | 22. [c] | 23. [c] | 24. [c] | 25. [a] | 26. [c] | 27. [a] | 28. [b] | 29. [a] | 30. [b] |
| 31. [a] | 32. [b] | 33. [c] | 34. [d] | 35. [c] | 36. [c] | | | | |

♦♦♦♦

# भारत की राजव्यवस्था

# संविधान सभा

## अभ्यास प्रश्न

**1. भारतीय संविधान के प्रारूप समिति की अध्यक्षता निम्नलिखित में से किसने की थी?**
(a) डॉ. बी. आर. अंबेडकर (b) पंडित जवाहरलाल नेहरू
(c) सर वी.एन. राव (d) सरदार पटेल

**2. भारतीय संविधान सभा की पहली बैठक कब हुई?**
(a) 26 जनवरी, 1950 को (b) 15 अगस्त, 1947 को
(c) 9 दिसंबर, 1946 को (d) 19 नवंबर, 1946 को

**3. प्रारूप समिति में निम्न में से कौन एक सदस्य सम्मिलित नहीं था?**
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) मोहम्मद सादुल्लाह
(c) ए.के. अय्यर (d) के.एम. मुंशी

**4. भारतीय संविधान पूर्ण रूप से तैयार हुआ था-**
(a) जनवरी 26, 1950 (b) नवंबर 26, 1949
(c) फरवरी 11, 1948 (d) इनमें से कोई नहीं

**5. डॉ. बी.आर. अंबेडकर की अध्यक्षता में संविधान सभा की प्रारूप समिति में अन्य कितने सदस्य थे?**
(a) 7 (b) 6
(c) 5 (d) 4

**6. डॉ. भीमराव अबेडकर द्वारा संविधान सभा में दिए गए उनके समापन भाषण में नयी संघ यूनियन आफ ट्रिनिटी में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल नहीं था?**
(a) स्वतंत्रता (b) नम्यता
(c) समता (d) बधुता

**7. भारतीय संविधान के निर्माण से संबंधित निम्नलिखित कथनों मे से कौन सही हैं?**
**1. पंडित नेहरू के उद्देश्य प्रस्ताव का, जो संविधान सभा द्वारा स्वीकार किया गया था, संविधान के निर्माण पर असर था।**
**2. उद्देशिका बहुत महत्त्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति करती है।**
**3. संविधान को भारत के लोगों ने आदेशित किया है।**
**4. राज्य के मुखिया को लोग प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित करते है।**
**नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये:**
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) सभी चारों

**8. इनमें से कौन संविधान सभा की सदस्या नहीं थी?**
(a) हंसा मेहता (b) दुर्गाबाई देशमुख
(c) कादंबिनी गांगुली (d) मालती चौधरी

**9. भारतीय संविधान के निर्माण के समय संवैधानिक सलाहकार कौन थे?**
(a) डॉ. बी.आर. अंबेडकर (b) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(c) बी.एन. राव (d) के. एम. मुंशी

**10. भारत सरकार द्वारा राजकीय चिह्न कब से अंगीकृत किया गया था?**
(a) 15 अगस्त, 1948 (b) 2 अक्टूबर, 1947
(c) 26 जनवरी, 1948 (d) 26 जनवरी, 1950

**11. भारतीय मूल संविधान में शामिल थे-**
(a) 395 अनुच्छेद, 22 भाग एवं 8 अनुसूचियाँ
(b) 371 अनुच्छेद, 21 भाग एवं 11 अनुसूचियाँ
(c) 372 अनुच्छेद, 20 भाग एवं 7 अनुसूचियाँ
(d) 380 अनुच्छेद, 23 भाग एवं 8 अनुसूचियाँ

**12. भारतीय संविधान सभा में कुल कितनी महिला सदस्य थी?**
(a) 15 (b) 13
(c) 12 (d) 10

**13. भारतीय संविधान सभा का गठन किया गया था-**
(a) भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अंतर्गत
(b) क्रिप्स योजना, 1942 के अंतर्गत
(c) कैबिनेट मिशन योजना, 1946 के अंतर्गत
(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के अंतर्गत

**14. भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने वाली संविधान सभा के सदस्यों को-**
(a) ब्रिटिश संसद द्वारा नामित किया गया।
(b) गवर्नर-जनरल द्वारा नामित किया गया।
(c) विभिन्न प्रांतों की विधान सभाओं द्वारा चुना गया।
(d) राष्ट्रीय कांग्रेस और मुस्लिम लीग द्वारा चुना गया।

**15. प्रारूप समिति की कुल कितनी बैठके हुई-**
(a) 139 दिन (b) 114 दिन
(c) 141 दिन (d) 119 दिन

**16. निम्नलिखित विद्वानों में से किसने, भारत के संविधान को 'सीवनरहित जाल' के रूप में अवधारिता किया है?**
(a) एम.वी. पायली (b) डी.डी. बसु
(c) ग्रानवील ऑस्टिन (d) सुभाष कश्यप

**17. संविधान का प्रथम प्रारूप जो 21 फरवरी 1948 को राजेन्द्र प्रसाद को सौंपा था जिसमें कितने अनुच्छेद व अनुसूचियाँ थी।**
(a) 240 अनुच्छेद व 16 अनुसूचियाँ
(b) 214 अनुच्छेद व 12 अनुसूचियाँ
(c) 315 अनुच्छेद व 8 अनुसूचियाँ
(d) 315 अनुच्छेद व 12 अनुसूचियाँ

**18. "संविधान का प्रारूप जैसा विरचित किया गया है, वह केवल देश के शासन के लिये तंत्र उपलब्ध कराता है। यह सत्ता में किसी विशेष दल को स्थापित करने की प्रयुक्ति नहीं है, जैसा कि कुछ देशें में किया गया है। सत्ता में कौन हो, इसे जनता के विनिश्चयार्थ छोड़ दिया गया है, जैसा कि होना ही चाहिये, यदि इस तंत्र को लोकतंत्र के परीक्षण पर खरा उतरना है।"**
**संविधान निर्मात्री सभा के विचार-विमर्श के उद्धृत उपर्युक्त परिच्छेद का श्रेय किसे है?**
(a) पंडित जवाहरलाल नेहरू (b) डॉ. बी.आर. अंबेडकर
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद (d) आचार्य जे.बी. कृपलानी

**19. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. राजेंद्र प्रसाद | 1. सदस्य प्रारूपण समिति |
| B. टी.टी. कृष्णमाचारी | 2. अध्यक्ष, संविधान सभा |
| C. एच.सी. मुखर्जी | 3. अध्यक्ष, प्रारूपण समिति |
| D. बी.आर. अंबेडकर | 4. उपाध्यक्ष, संविधान सभा |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

20. **इनमें से कौन संविधान सभा की प्रारूपण समिति का सदस्य नहीं था?**
(a) एन.जी. आयंगर (b) के.एम. मुंशी
(c) बी.एन. राव (d) मुहम्मद सादुल्ला

21. **संविधान सभा द्वारा अंगीकृत ऐतिहासिक उद्देश्यसों के कथन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
**1. उद्देश्यों के कथन ने अपने सभी उत्तरवर्ती चरणों से संविधान के रूपनिर्माण को अनुप्राणित किया।**
**2. यह केवल एक प्रस्ताव-भर ही नहीं था, बल्कि एक घोषणा, एक दृढ़ संकल्प और एक प्रतिज्ञा थी।**
**3. इसने हमारे संविधान का अंतर्निहित दर्शन प्रदान किया।**
**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 2 और 3

22. **निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा का अध्यक्ष था?**
(a) बी.आर. अंबेडकर (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) राजेंद्र प्रसाद (d) वल्लभभाई पटेल

23. **भारत के संविधान के निर्माण में संविधान सभा की मदद करने वाले दो लोक सेवक, निम्नलिखित में से कौन-से हैं?**
(a) बी.एन. राव तथा के.एम. मुंशी
(b) एस.एन. मुखर्जी तथा अल्लादी कृष्णा स्वामी अय्यर
(c) बी.एन. राव तथा एस.एन. मुखर्जी
(d) के.एम. मुंशी तथा अल्लादी कृष्णा स्वामी अय्यर

24. **संविधान सभा के किस सदस्य ने यह समाधान प्रस्तावित किया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज "समान अनुपात में केसरी, सफेद और गहरे हरे रंग का क्षैतिज तिरंगा" हो, जिसमें बीच में गहरे नीले रंग का एक चक्र हो?**
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) बी.आर. अंबेडकर
(c) राजेंद्र प्रसाद (d) सरदार वल्लभभाई पटेल

25. **निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहले से लेकर आखिरी गतिविधि तक –**
**(I) प्रारूप समिति की नियुक्ति**
**(II) भारतीय संविधान को अंगीकृत और अधिनियमित किया**
**(III) भारतीय संविधान के प्रवृत्त होने की तिथि**
**(IV) संविधान सभा की प्रथम बैठक**
**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) III, II, I, IV (b) IV, I, III, II
(c) IV, I, II, III (d) I, II, IV, III

26. **भारत की संविधान सभा की प्रारूप समिति का गठन कब हुआ?**
(a) 26 अगस्त, 1947 (b) 29 अगस्त, 1947
(c) 22 नवम्बर, 1947 (d) 9 जुलाई, 1946

27. **अंतिम रूप से संविधान को अंगीकृत करते समय 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के कितने सदस्यों ने वास्तविक रूप से उपस्थित होकर अपने हस्ताक्षरों को संलग्न किया था?**
(a) 299 (b) 284
(c) 385 (d) 292

| ANSWER KEY | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. [a] | 2. [c] | 3. [a] | 4. [b] | 5. [b] | 6. [b] | 7. [a] | 8. [c] | 9. [c] | 10. [d] |
| 11. [a] | 12. [a] | 13. [c] | 14. [c] | 15. [c] | 16. [c] | 17. [c] | 18. [b] | 19. [a] | 20. [c] |
| 21. [c] | 22. [c] | 23. [c] | 24. [a] | 25. [c] | 26. [b] | 27. [b] | | | |

♦♦♦♦

# भारतीय अर्थव्यवस्था

# बजट निर्माण

## विगत वर्ष के प्रश्न

◪ **निम्नलिखित में से किस बजट वर्ष से रेलवे का बजट संघ के बजट में शामिल किया गया?**

**CET Grad. 27th Sep. 2024 (Shift-1)**

(a) 2017-18 (b) 2018-19
(c) 2015-16 (d) 2016-17 **[a]**

**व्याख्या:-**

➢ बजट वर्ष 2017-18 से रेलवे का बजट संघ के बजट में शामिल किया गया। यह निर्णय 21 सितंबर, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया था, जिससे 92 साल से चली आ रही अलग रेल बजट पेश करने की प्रथा समाप्त हो गई। इसका उद्देश्य रेलवे पर वित्तीय दबाव कम करना, लोक लुभावन घोषणाओं को रोकना, बेहतर वित्तीय प्रबंधन,समय की बचत आदि ।

◪ **जब सरकार उसके द्वारा संग्रहित राजस्व के बराबर राशि व्यय करती है, उसे कहा जाता है-:**

**CET Grad. 28th Sep. 2024 (Shift-1)**

(a) समान बजट (b) घाटे का बजट
(c) अधिशेष बजट (d) संतुलित बजट **[d]**

**व्याख्या:-**

➢ जब सरकार उसके द्वारा संग्रहित राजस्व के बराबर राशि व्यय करती है, उसे **संतुलित बजट** कहा जाता है। जब व्यय, राजस्व से अधिक हो तो उसे घाटे का बजट और जब राजस्व, व्यय से अधिक हो तो उसे अधिशेष बजट कहा जाता है।

## अभ्यास प्रश्न

**1. बजट में राजस्व घाटा होता है-**

(a) कुल प्राप्तियाँ > कुल व्यय
(b) पूँजीगत व्यय > पूँजीगत तथा राजस्व प्राप्तियाँ
(c) राजस्व व्यय > राजस्व प्राप्तियाँ
(d) राजस्व व्यय = राजस्व प्राप्तियाँ

**2. भारत में पहली बार बजट प्रणाली कब लागू की गई थी?**

(a) 1867 (b) 1860
(c) 1897 (d) 1890

**3. बजट प्रपत्र तथा प्रक्रिया की बाह्य ऑडिट किसके द्वारा की जाती है?**

(a) वित्त विभाग द्वारा
(b) उच्चतम न्यायालय द्वारा
(c) नियंत्रक एवं महालेखाकार द्वारा
(d) महान्यायवादी द्वारा

**4. निम्नलिखित में से किस निधि से सरकार के सभी व्यय किए जाते हैं और संसद के प्राधिकार के बिना इसमें से कोई राशि आहरित नहीं की जा सकती है -**

(a) लोक लेखा (b) निजी लेखा
(c) आकस्मिकता निधि (d) समेकित/संचित निधि

**5. यदि बजट वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में स्वीकृत नहीं हो पाता तो सरकार व्ययों का प्रावधान करने हेतु विधानमंडल से किस प्रकार स्वीकृति लेती है?**

(a) धन विधेयक द्वारा (b) अनुपूरक माँगों द्वारा
(c) लेखानुदान द्वारा (d) वित्त विधेयक द्वारा

**6. विधानसभा में बजट प्रस्तुत करने के बाद करों के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाते हैं -**

(a) वित्त विधेयक के रूप में
(b) लेखानुदान के रूप में
(c) विनियोग विधेयक के रूप में
(d) अनुपूरक माँगों के रूप में

**7. बजट नियंत्रक अधिकारी होता है-**

(a) संबंधित विभाग का विभागाध्यक्ष
(b) वित्त विभाग का सचिव
(c) आहरण एवं वितरण अधिकारी
(d) उक्त कोई नहीं।

**8. राज्य का बजट बनाने के लिये नोडल एजेन्सी है-**

(a) वित्त विभाग (b) आयोजना विभाग
(c) विभागाध्यक्ष (d) प्रशासनिक विभाग

**9. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत् सरकार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत होता है-**

(a) अनुच्छेद-112 (b) अनुच्छेद-110
(c) अनुच्छेद-115 (d) अनुच्छेद-117

**10. बजट के संबंध में सत्य है-**

(a) यह सरकार के अनुमानित व्ययों व राजस्व के स्रोतों का समेकित वित्तीय विवरण है।
(b) यह वित्तीय वर्ष से संबंधित है।
(c) केन्द्रीय, राज्य या स्थानीय सरकार प्रत्येक स्तर पर बजट तैयार करती है।
(d) उपरोक्त सभी सत्य हैं।

**ANSWER KEY**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. [c] | 2. [b] | 3. [c] | 4. [d] | 5. [c] | 6. [a] | 7. [a] | 8. [a] | 9. [a] | 10. [d] |

♦♦♦♦

# दैनिक विज्ञान

# भौतिक व रासायनिक परिवर्तन

## विगत वर्षों के प्रश्न

◪ **............ भौतिक परिवर्तन का एक उदाहरण है।**

**CET Graduation, 08.01.23-Shift–I**

(a) दूध से दही बनना
(b) मोमबत्ती का जलना
(c) चांदी के बर्तनों का काला पड़ना
(d) चीनी का पानी में घुलना **[d]**

**व्याख्या:-**
➢ चीनी का पानी में घुलना एक भौतिक परिवर्तन है क्योंकि इसमें केवल अवस्था परिवर्तन होता है, रासायनिक संरचना में कोई बदलाव नहीं। वाष्पीकरण के बाद पुनः वही चीनी प्राप्त की जा सकती है, अतः यह प्रतिवर्ती (reversible) प्रक्रिया है।

◪ **निम्नलिखित में से कौन रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है?**

**CET Graduation, 08.01.23-Shift–II**

(a) नमक का पानी में घुलना
(b) पकाए जाने पर सब्जी का नरम होना
(c) गीली मिट्टी का दीपक, सूखने पर भंगुर हो जाता है
(d) प्रिज़्म से गुजरने के बाद सफेद प्रकाश का 7 रंगों के प्रकाश में विक्षेपित होना **[b]**

**व्याख्या:-**
➢ पकाने के दौरान सब्जियों के रासायनिक संघटन में परिवर्तन होता है; स्टार्च और प्रोटीन टूटकर नए यौगिक बनाते हैं। इसलिए यह एक रासायनिक परिवर्तन है जबकि नमक घुलना या प्रकाश का अपवर्तन भौतिक परिवर्तन हैं।

◪ **निम्नलिखित में से कौनसा एक भौतिक परिवर्तन है?**

**CET Graduation, 28.09.24-Shift–I**

(a) दही का जमना (b) भोजन पकाना
(c) फल का पकना (d) नमक का पानी में घुलना
**[d]**

**व्याख्या:-**
➢ नमक का पानी में घुलना एक भौतिक परिवर्तन है क्योंकि इसमें कोई नया पदार्थ नहीं बनता, केवल भौतिक अवस्था में परिवर्तन होता है। पानी को वाष्पित करने पर नमक पुनः प्राप्त किया जा सकता है, अतः यह रासायनिक नहीं बल्कि भौतिक परिवर्तन है।

## अभ्यास प्रश्न

**1. निम्नलिखित में से कौन-से फल और सब्जियाँ काटने के बाद कुछ समय के लिये खुला रखने पर अपने रंग में परिवर्तन कर लेते हैं -**
**a. सेब b. टमाटर c. आलू d. बैंगन e. गाजर**
**नीचे दिए गए विकल्पी में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) केवल a, c और d (b) केवल a, b और c
(c) केवल b, c और d (d) केवल c, d और e

**2. कौन-सा रासायनिक परिवर्तन प्रस्तुत करता है –**
(a) पारदिक ऑक्साइड की ऊष्णता
(b) आयोडीन का उदातीकरण
(c) अल्कोहल का वाष्पीभवन
(d) प्लेटिनम तार की ऊष्णता

**3. काटने के पश्चात सेब का भूरे रंग में बदलना उदाहरण है**
(a) भौतिक परिवर्तन (b) जैविक परिवर्तन
(c) कोई परिवर्तन नहीं (d) रासायनिक परिवर्तन

**4. कौन सा रासायनिक परिवर्तन हैं?**
(a) बीकर में जल उबालना
(b) केला छोलना
(c) ऐल्यूमिनियम पन्नी को काटकर उसके टुकड़े करना
(d) दूध से दही जमाना

**5. निम्नलिखित में से कौन सा भौतिक परिवर्तन में नहीं होता है?**
(a) आकृति में परिवर्तन (b) रंग में परिवर्तन
(c) नए पदार्थों का बनना (d) घनत्व में परिवर्तन

**6. निम्नलिखित में से कौन सा एक भौतिक परिवर्तन नहीं है?**
(a) जल का नमक में विलेय होना
(b) जल का क्वथनांक पर जल वाष्प का चनना
(c) बर्फ के गलनांक पर जल का बनना
(d) द्रवित पेट्रोलियम गैस का दहन

**7. समुद्री जल से साधारण नमक किस विधि द्वारा प्राप्त किया जाता है?**
(a) आसवन द्वारा (b) वाष्पन द्वारा
(c) हिमीकरण द्वारा (d) विद्युत विश्लेषण द्वारा

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौतिक परिवर्तन है?**
(a) अंगूर का किण्वित होना (b) फलों का पकना
(c) मोम का पिघलना (d) दूध से दही जमना

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. भौतिक परिवर्तन अनुत्क्रमणीय, जबकि रासायनिक परिवर्तन उत्क्रमणीय होते हैं।**
**2. जब रासायनिक परिवर्तन होता है, तो एक या एक से अधिक नए पदार्थ बनते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) उपर्युक्त दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नही

**10. निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया यह निर्धारण करने मे मदद करती है, कि रासायनिक अभिक्रिया हुई है या नहीं?**
(a) अवस्था में परिवर्तन (b) गैस का उत्सर्जन
(c) रंग बदलना (d) उपर्युक्त सभी

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा एक रासायनिक परिवर्तन नहीं है?**
(a) लौहे में जंग लगना (b) मैग्नीशियम रिबन का दहन
(c) सब्जी को काटना (d) मेहँदी का रचना

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौतिक परिवर्तन है?**
(a) किसी धातु की छड़ को गर्म करना।
(b) मानव में श्वसन
(c) मानव में पाचन
(d) प्रकाश संश्लेषण

**13. चाशनी बनाना कौन-सी प्रक्रिया है?**
(a) भौतिक परिवर्तन
(b) रासायनिक परिवर्तन
(c) निर्धारित नहीं किया जा सकता है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14. 'काँच का टूटना' निम्नलिखित में से किस प्रकार का परिवर्तन है?**
(a) भौतिक परिवर्तन
(b) रासायनिक परिवर्तन
(c) भौतिक और रासायनिक परिवर्तन दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा/से रासायनिक परिवर्तन का/के उदाहरण है/हैं?**
**1. नमक का क्रिस्टलन 2. संघनन**
**3. दुग्ध आस्कंदन**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**
(a) केवल 1 (b) केवल 3
(c) 2 और 3 (d) उपर्युक्त में से कोई नही

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन नहीं है?**
(a) दूध से दही बनना।
(b) कागज का गीला होना।
(c) कागज का जलना।
(d) कागज का गलना-सडना।

**17. कक्ष तापमान पर दूध के खट्टा होने में शामिल है-**
(a) भौतिक परिवर्तन
(b) रासायनिक परिवर्तन
(c) भौतिक और रासायनिक परिवर्तन दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

**18. प्रकाश संश्लेषण में कौन-सा परिवर्तन होता है?**
(a) यह उत्क्रमणीय परिवर्तन है
(b) रासायनिक परिवर्तन
(c) उपर्युक्त दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नही

**19. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौतिक परिवर्तन है?**
(a) जल का वाष्पन
(b) लकड़ी जलाना
(c) फलों का पकना
(d) भोजन पकाना

**20. निम्नलिखित में से कौन-सा भौतिक परिवर्तन नहीं है?**
(a) ठोसों का द्रवों में पिघलना
(b) गैसों का द्रवों में द्रवीकरण
(c) पदार्थो का किण्वन
(d) द्रवों का गैसों में वाष्पीकरण

**21. भौतिक परिवर्तन के लिए ऐसा नाम देने का यह कारण है कि-**
(a) परिवर्तन केवल भौतिक गुणों में होता है।
(b) ऊर्जा का हस्तांतरण होता है।
(c) एक उत्क्रमणीय परिवर्तन है।
(d) उपर्युक्त सभी

**22. इनमें से कौन-सा एक रासायनिक परिवर्तन है?**
(a) मक्खन का खट्टा होना
(b) $CO_2$ से सूखी बर्फ बनाना
(c) एक प्लैटिनम तार का गर्म होना
(d) लौहे का चुंबकीयकरण

**23. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया रासायनिक प्रक्रिया का उदाहरण है?**
(a) दो विलयशील पदार्थों को घोलकर नया विलयन बनाना
(b) श्वसन की प्रक्रिया
(c) बर्फ का बनना
(d) उपर्युक्त सभी

**24. क्रिस्टलीकरण उदाहरण है -**
(a) रासायनिक अभिक्रिया (b) भौतिक परिवर्तन
(c) रासायनिक परिवर्तन (d) जैविक अभिक्रिया

**25. किस प्रकार के परिवर्तन में एक नया पदार्थ बनता है?**
(a) भौतिक परिवर्तन में
(b) रासायनिक परिवर्तन में
(c) भौतिक और रासायनिक परिवर्तन दोनों में
(d) इनमें से कोई नहीं

**26. अवायवीय जीवाणु पशु अपशिष्ट का पाचन कर बायोगेस उत्पन्न करते हैं (परिवर्तन A)। फिर बायोगेस को ईंधन के रूप में जलाया जाता है (परिवर्तन B) निम्न वाक्य इन परिवर्तनों से सम्बंधित हैं।**
**निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) इनमें से कोई भी प्रकम एक रासायनिक परिवर्तन नहीं है।
(b) प्रक्रिया-A एक रासायनिक परिवर्तन है।
(c) प्रक्रिया-B एक रासायनिक परिवर्तन है।
(d) प्रक्रिया A और B दोनों रासायनिक परिवर्तन हैं।

**27. एक रासायनिक परिवर्तन के लिए निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है**
(a) रंग परिवर्तन हो सकता है।
(b) एक गैस उत्सर्जित हो सकती है।
(c) ऊष्मा उत्पन्न हो सकती है परन्तु अवशोषित कभी भी नहीं होती है?
(d) ध्वनि उत्पन्न हो सकती है।

**28. निम्नलिखित में से कौन सी भौतिक परिवर्तन की विशेषता नहीं हैं?**
(a) परिवर्तन अस्थायी होता है।
(b) परिवर्तन करने वाले कारण को हटाने पर, यह प्रतिवर्तित हो जाता है।
(c) केवल पदार्थों के भौतिक गुणों में जैसे कि अवस्था, रंग, गंध इत्यादि में परिवर्तन होता है।
(d) नए पदार्थ का निर्माण होता है।

**29. निम्नलिखित में कौनसा एक भौतिक परिवर्तन है?**
(a) श्वसन (b) मोम का पिघलना
(c) प्रकाश संश्लेषण (d) लोहे पर जंग लगना

**30. निम्नलिखित में से भौतिक परिवर्तन कौन-सा है?**
(a) मोमबत्ती का जलना (b) बर्फ का पिघलना
(c) लोहे में जंग लगना (d) मैग्नीशियम रिबन का दहन

**ANSWER KEY**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. [a] | 2. [a] | 3. [d] | 4. [d] | 5. [c] | 6. [d] | 7. [b] | 8. [c] | 9. [b] | 10. [d] |
| 11. [c] | 12. [a] | 13. [a] | 14. [a] | 15. [b] | 16. [b] | 17. [b] | 18. [b] | 19. [a] | 20. [c] |
| 21. [d] | 22. [a] | 23. [b] | 24. [b] | 25. [b] | 26. [d] | 27. [c] | 28. [d] | 29. [b] | 30. [b] |

♦♦♦♦

# कम्प्यूटर

## विगत वर्ष के प्रश्न

**◪ कंप्यूटर की कौन सी पीढ़ी से इंटीग्रेटेड सर्किट (आई. सी.) का उपयोग शुरू हुआ है?**

**CET GRADUATION (27-09-2024) SHIFT-I**

(a) तीसरी पीढ़ी (b) चौथी पीढ़ी
(c) पहली पीढ़ी (d) दूसरी पीढ़ी **[a]**

**व्याख्या:-**
➢ कंप्यूटर की तीसरी पीढ़ी (1964-1971) में इंटीग्रेटेड सर्किट (IC) का उपयोग शुरू हुआ। इससे पहले दूसरी पीढ़ी में ट्रांजिस्टर और पहली पीढ़ी में वैक्यूम ट्यूब का प्रयोग होता था। IC ने कंप्यूटर को छोटा, तेज और सस्ता बनाया।

**◪ परम______की एक श्रृंखला है, जिसे सिडैक, पुणे द्वारा भारत में असेम्बल किया गया।**

**CET GRADUATION (27-09-2024) SHIFT-I**

(a) माइक्रो कंप्यूटर (b) मेनफ्रेम कंप्यूटर
(c) मिनी कंप्यूटर (d) सुपर कंप्यूटर **[d]**

**व्याख्या:-**
➢ PARAM भारत की सुपर कंप्यूटर श्रृंखला है, जिसे C-DAC (Centre for Development of Advanced Computing), पुणे ने विकसित और असेंबल किया है। यह उच्च-प्रदर्शन गणना (HPC) के लिए उपयोग होता है।

